साहित्य अकादेमी
रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली -110 001
तार : साहित्यकार दूरभाष : 2338 6623
फैक्स : 091-11-2338 2428
ई-मेल : vptiwari378@hotmail.com

Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi 110 001
Gram : Sahityakar Phone : 2338 6623
Fax : 091-11-2338 2428
E-Mail : vptiwari378@hotmail.com
Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in

विश्वनाथ प्रसाद तिवारी
अध्यक्ष

Vishwanath Prasad Tiwari
President

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक : 10 अक्तूबर 2015

मैं, साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष के रूप में, आप सबसे अनुरोध करना चाहता हूँ कि साहित्य अकादेमी भारत की 24 भाषाओं के साहित्य के प्रति समर्पित एक स्वायत्तशासी निकाय है, लेखकों का स्वदेश है और सदैव लेखकों के कल्याण और लेखकों की स्वतंत्रता के लिए प्रतिबद्ध है।

मीडिया में हाल के समाचारों से मुझे अत्यंत कष्ट पहुँचा है कि साहित्य अकादेमी कई ताजा प्रकरणों पर मौन है। मैं, साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष के रूप में किसी भी प्रकरण पर अपना आधिकारिक वक्तव्य साहित्य अकादेमी के कार्यकारी मंडल की अगली बैठक के अनुमोदन के बाद ही दे सकता हूँ। फिर भी, मैं यह जोर देकर कहना चाहता हूँ कि अकादेमी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का आदर करती है और सभी लेखकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए जाति या वर्ण या सम्प्रदाय या राष्ट्रीयता के प्रति निरपेक्ष रहती है। अकादेमी, विचार के आधार पर किसी भी लेखक की हत्या की निंदा करती है। भारत के संविधान में प्रतिष्ठापित धर्मनिरपेक्ष मूल्यों और सभी के जीने के स्वर्णिम सिद्धांत के प्रति साहित्य अकादेमी वचनबद्ध है।

साहित्य अकादेमी देश में साहित्य की सर्वोच्च संस्था है जो लेखकों द्वारा ही संचालित होती है। लेखकों को उसकी गरिमा की रक्षा करनी चाहिए।

विश्वनाथ प्रसाद तिवारी

Residence : Dastavez, Betiahata, Gorakhpur-273001, Uttar Pradesh Tel. : 0551-2335967